तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जुलाई 2024

10 संस्कार और संस्कृति की उड़ाई जा रही धज्जियां : रामवेश



12 शहीद प्रदीप परिवार को सीएम ने बंधाया ढांढस



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक चालक युवक की मौत

**कैथल।** चीका के टाटियाना के घग्गर पुल निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। दरियापुर के प्रदीप कुमार ने चीका पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 जुलाई को जब उसका भाई अरुण बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह घग्गरपुर के पुल निकट पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन घायल

**जींद।** गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार कार ने ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। गांव धनौरी निवासी रोशनी ने पुलिस में बताया कि वह अपने बेटे जगशीर तथा पुत्रवधु बबीता के साथ बाइक पर सवार होकर नरवाना से घर लौट रही थी। गांव उझाना के निकट तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक फरार हो गया।

### अग्निवीर में भर्ती के लिए आवेदन 28 तक मांगे

**कैथल।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है, जिसके लिए इन राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे युवा जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिये पात्र हैं। आवेदक पुरुष एवं महिला अविवाहित होना चाहिए।

### घर से डिग्री लेने गई युवती वापस नहीं लौटी

**जींद।** गांव उचाना खुर्द में कालेज से डिग्री लाने की बात कह कर निकली युवती के संदिग्ध हालात में लापता होने का समाचार है। गांव उचाना खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी कालेज से डग्रिी लाने की बात कह कर घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशाने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नूपुर के लिए आवेदन का आज आखिरी दिन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित किए जा रहे शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम नूपुर 2024-25 के ऑडिशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। कार्यक्रम में केवल हरियाणा मूल के युवा व उभरते कलाकार जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय कत्थक नृत्य तथा भरतनाट्यम ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा, दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

### सुरमयी शाम में आवेदन का आज आखिरी दिन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा सुरमयी शाम मेरी आवाज मेरी पहचान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला के कलाकार कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए नाम, पता तथा मोबाइल नंबर के साथ ईमेल आईडी आर्ट एंड कल्चरल एफेयर्स एचआरवाई एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम पर 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

---

## नागरिक अस्पताल में चिकित्सक आज तीन घंटे हड़ताल पर रहेंगे, नहीं करेंगे ओपीडी

### इमरजेंसी और पोस्टमार्टम सेवाएं ही बहाल रहेंगी

### आमजन को होगी काफी परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

नागरिक अस्पतालों में सोमवार को चिकित्सक तीन घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। इससे आमजन की परेशानी बढ़ेगी। इस दौरान ओपीडी नहीं की जाएगी और केवल इमरजेंसी व पोस्टमार्टम सेवाएं ही बहाल रहेंगी।

वहीं हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर कंप्यूटर प्रोफेशनल भी अपनी अनिश्चितलीन हड़ताल की शुरुआत करेंगे, जिससे तहसील, राजस्व व लिपिकीय संबंधित कार्य बाधित होंगे और आमजन परेशान होगा।



जींद। नागरिक अस्पताल का भवन।

### अस्पताल में प्रतिदिन 1600 तक की ओपीडी

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां प्रतिदिन 1600 तक की ओपीडी होती है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर दो हजार तक पहुंच जाती है। जींद के अस्पतालों में आसपास के गांवों से लोग तो उपचार के लिए आते ही हैं साथ ही शहर में रह रहे लोग भी उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में सोमवार को सुबह तीन घंटे तक चिकित्सकों की हड़ताल के चलते आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सोमवार को तीन घंटे की हड़ताल को लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन सदस्यों ने प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा के नेतृत्व में रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी के रोष स्वरूप सोमवार को तीन घंटे तक चिकित्सक ओपीडी नहीं करेंगे। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहेंगी। अगर सरकार फिर भी उनकी मांग को अनसुना करती है तो वो सख्त कदम भी उठाएंगे। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि विशेषज्ञों की कमी के कारण चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होती हैं, जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्पेशलस्टि कॉडर, पीजी कोर्स के बांड में कमी, एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने और केंद्रीय सरकारी डाक्टरों के समान एसीपी भत्तों की मांग पूरी नहीं होने पर डाक्टरों में नाराजगी बढ़ी है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि छह महीने बाद भी मांगों पर एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने और केंद्रीय सरकारी डॉक्टरों के समान एसीपी भत्तों की नहीं होने पर बढ़ी नाराजगी पर स्थिति आज भी जस की तस है। डा. भोला ने कहा कि तीन घंटे की हडताल के दौरान आमजन भी यूनियन का सहयोग करें।

#### एनएचएम व बीएएमएस से लेंगे काम

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि चिकित्सक सोमवार को सुबह तीन घंटे तक ओपीडी नही करेंगे। एसोसिएशन द्वारा जो मांग पत्र सौंपा गया था, उसे भेज दिया गया है। चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है। एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों तथा बीएएमएस चिकित्सकों को बुलाया गया है। मरीजों को किसी भी सूरत में परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

#### खास बातें

- सोमवार को नागरिक अस्पताल में ओपीडी पहुंचती है 1800 पार
- अस्पताल प्रबंधन ने हड़ताल को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था की

### कंप्यूटर प्रोफेशनल आज से करेंगे हड़ताल की शुरुआत

- राजस्व, सरकारी लिपिकीय संबंधित कार्य होंगे बाधित

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संयोजक राजेश गौतम व सुनील मेहरा ने बताया कि संघ संबंधित बीएमएस सभी कर्मचारी ने 15 जुलाई सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार को प्रदेशभर से कंप्यूटर प्रोफेशनल करनाल में एकत्रित होंगे और प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की जा चुकी है। संगठन ने जब भी कोई आंदोलन किया उनको लिखित में समझौता पत्र दिया गया परंतु उस पर सरकार के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए संघ इस वादा खिलाफी के खिलाफ आंदोलन में जाने का फैसला लिया है। जिसके कारण प्रशासन के द्वारा दी जाने वाली कंप्यूटर की सभी सेवाएं ठप रहेगी। इससे सरकार को एक दिन में करोड़ों रुपये का नुकसान होगा।

रजिस्ट्री का पंजीकरण से लेकर हरियाणा पहचान पत्र जैसी सेवाएं ठप रहने का अनुमान है। सरकार से आग्रह किया कि हमारा संगठन कार्य पर विश्वास करता है। हमारी मांगों के प्रति विचार करते हुए सरकार हमारी मांगे माने, जिससे आमजन को भी कार्य करवाने में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। यदि सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो वे हड़ताल को वापस लेने का फैसला नहीं लेंगे।

---

## एमपीएचडब्ल्यू आज काले बिल्ले लगाकर जताएंगे रोष

- मांगों पर कार्रवाई न होने से चार अगस्त को करनाल में सीएम आवास पर प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

सरकार द्वारा लंबित मांगों को लेकर लगातार की जा रही अनदेखी के खिलाफ एमपीएचडब्ल्यू वर्ग आज काले बल्लिे लगा कर ड्यूटी करते हुए सिविल सर्जन को सरकार के नाम मांगे पूरी करने हेतु ज्ञापन सौंपेंगे। राज्य संयोजन कमेटी सदस्य सुदेश रानी व जिला संयोजक शक्ति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की कुछ मांगे सहमति के बावजूद विभागीय कार्रवाई में उलझी हुई है। उनकी मुख्य मांगों में पदनाम संशोधित करने, एनएचएम की महिला एमपीएचडब्ल्यू को केडर के मूल वेतनमान 4200 ग्रेड एवं भत्तों का लाभ देने, समाप्त पदों को बहाल करवाने व खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, प्रमोशन व कन्फर्मेशन सूचियां जारी करवाने, प्रमोशनल पे स्केल जारी करना शामिल है। राज्य आयोजन कमेटी सदस्य सुदेश रानी ने बताया कि मांगों पर कार्रवाई न होने से एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में नाराजगी है।

इसके रोष स्वरूप राज्य कमेटी ने निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार मांगों पर कार्रवाई करते हुए अधिसूचना जारी नही करती है तो आगामी चार अगस्त को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे व इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी होने वाली किसी भी परेशानी के लिए पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## व्यक्ति की हत्या के विरोध में लघु सचिवालय के बाहर शव रख दिया धरना

- आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे परिजन
- डीएसपी रोहताश ढुल ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उठाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

गांव आसन में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार को दो पक्षों में हुए झगड़े में बलबीर पर ईंटों से हमला कर घायल कर दिया था, जिसकी शनिवार को पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसमें परिवार के पांच अन्य सदस्य भी घायल हो गए थे। परिजनों ने रविवार दोपहर को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लघु सचिवालय के बाहर शव रख कर धरना शुरू किया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपितों को गिरफ्तार नही किया जाता तब तक दाह संस्कार नही किया जाएगा। हालांकि पुलिस ने हत्या के आरोप में 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हुआ है।



जींद। लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे मृतक के परिजन।

#### आठ आरोपी हिरासत में लिए

सदर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि हत्या में शामिल आरोतियों को भी जल्द ही काबू किया जाएगा। पुलिस ने हत्या के मामले में आठ आरोपितों को हिरासत में लिया है। आरोपितों से हत्या के कारणों व हत्या में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिए गए आरोपितों से पूछताछ कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### यह है मामला

आसन गांव निवासी लीलाराम ने बताया कि वह एक वर्ष पहले उनका झगड़ा पड़ोस में रहने वाले रामकुश परिवार के साथ हुआ था। इसका बाद में समझौता हो गया था। इसी रंजिश के चलते शुक्रवार को रामकुश व उसके परिवार के सदस्यों वक्किी, सूरजभान, मनोज कुमार, रामचंद्र, वीरभान, भीरा, बंसी, रामदास, बबली, पूजा, बबली, जोगद्रिं व मीरा ने लाठी व डंडों से हमला कर दिया। शोर सुन कर उनके परिवार के सदस्य जिसमें उसकी भाभी संतरो, भाई जयनारायण, अमित, नफे सिंह, शंकुतला मौके पर आ गए। इस दौरान सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर अपने मकानों की छत पर चढ़ गए। जहां से सभी ने ईंट बरसा कर हमला कर दिया। इसमें वह सभी घायल हो गए। छत से मारी गई ईंटों के कारण उसकी भाई बलबीर को अस्पताल से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां पर बलबीर की उपचार के दौरान मौत हो थी। रविवार को मृतक के परिजन ईश्वर सिंह व अन्य ग्रामीणों के साथ शव को लेकर लघु सचिवालय पहुंच गए। जहां पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलने पर डीएसपी रोहताश ढुल मौके पर पहुंचे। बाद में सायं के समय परिजनों ने पुलिस को 12 घंटे का अल्टीमेटम देकर शव उठाया। परिजनों ने कहा कि अगर 12 घंटे में आरोपित गिरफ्तार नहीं होते तो वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे और सोमवार को फिर से लघु सचिवालय के बाहर शव रख कर धरना देंगे।

#### इन लोगों पर मामला दर्ज

हत्या के आरोप में पुलिस ने लीलाराम की शिकायत पर वक्किी, सूरजभान, मनोज कुमार, रामचंद्र, वीरभान, भीरा, बंसी, रामदास, बबली, पूजा, बबली, जोगद्रिं, मीरा व रामकुश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने फिलहाल किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। जिसके चलते परिजनों में रोष बना हुआ था।

---

## पायल चौहान ने जीता स्वर्ण पदक

**जींद।** पटियाला में गत नौ जुलाई से 12 जुलाई तक खेलो इंडिया वुशु महिला लीग का आयोजन किया गया। इस प्रतष्ठिति प्रतियोगिता में उत्तर भारत के छह राज्यों के लगभग 1800 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से कई युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभन्नि श्रेणियों में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता में जिला जींद के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। जींद के लोको कॉलोनी की पायल चौहान ने 56 कग्रिा जूनियर कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा, वंशिका ने कांस्य पदक और खुशी ने 48 कग्रिा कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी कठिन मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। इन छात्रों का प्रशक्षिण जद्दिी पंच और हनुमंत फिटनेस अकादमी में हुआ। अकादमी के बॉक्सिंग कोच अंश कटारिया और सब कोच सुशील सैनी ने इन खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर अनिल (बॉबी), मोक्षिता, अरमान, भुवन, दीपिका, आरव, अमन दिलावर, श्याम, और मुनिश ने भी अपनी खुशी जाहिर की और मिठाई बांटी। सभी छात्रों ने पायल, वंशिका, और खुशी की सफलता से प्रेरणा ली और अपने भवष्यि के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने का संकल्प लिया।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

## उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल, नहीं सूख रहे पसीने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

उमस भरी गर्मी ने आमजन का जीना बेहाल कर दिया है। हालांकि अब तक केवल जुलाई माह में दो बार ही बारिश हुई है। बारिश के बाद से लगातार मौसम में उमस बनी हुई है। जिससे लोगों के पसीने सूखने का नाम नही ले रहे हैं। वहीं किसानों के लिए भी परेशानी बनी हुई है। किसानों ने धान रोपाई तो कर दी है लेकिन अब पानी के लिए महंगा डीजल फूंक कर सिंचाई करनी पड़ रही है। दोपहर को शहर में हालात कफ्र्यू जैसे दिखाई दिए। सड़कें खाली रही तो बाजार में भी विरानगी छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनो तक मौसम परिवर्तनशील है। शहर के व्यस्तम मार्ग गोहाना रोड व सफीदों रोड पर इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। वहीं एक बार फिर से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। किसान रोहताश, सुनील ने कहा कि उन्होंने खेत में धान लगा दी है और उम्मीद थी कि बारिश होगी लेकिन ऐसा नही हुआ। मौसम विभाग द्वारा ओरेंज अलर्ट तक जारी किया गया है लेकिन बदरा नही बरसे हैं। ऐसे में उन्हें टयूब्वैलों के माध्यम से धान फसल के लिए पानी की पूर्ति पूरी करनी पड़ रही है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सिक को दिखाएं। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि 18 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहेगा। किसानों को चाहिए कि वो दिन के समय फसलों में पानी बल्कुिल न दें। धान फसल में नियमित सिंचाई करते रहें।



जींद। सुनसान नजर आ रहा सफीदों रोड।

---

### कैथल में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, किया स्वागत

## हजारों श्रद्धालुओं ने रस्सी खींचकर किया उद्घोष

- आठ जगह क्रेन से लगाया गया भगवान जगन्नाथ को भोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से शनिवार को अंबाला रोड के खाटू श्याम मंदिर से 17वीं भगवान जगन्ननाथ की भव्य रथ यात्रा शुरू हुई। कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने नारियल फोड़कर और रस्सी से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की। विधायक लीला राम व सुरेश गर्ग नौच उनके साथ मौजूद रहे। सैकड़ों श्रद्धालु भक्तजन रथ की रस्सी खींचकर साथ साथ चलते रहे। रथ यात्रा की अगुवाई महावीर जी कर रहे थे। शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। कई भक्तजन सड़कों पर झाड़ू लगाते हुए आस्था की भवसागर में डुबकी लगाते रहे। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ का गुणगान होने से समूचा वातावरण धर्ममय बना रहा। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में श्रद्धालु ढोल एवं इस्कॉन के भक्तों द्वारा मृदंग एवं करताल के साथ भगवान के रथ के आगे कीर्तन करते हुए चले रहे थे। भगवान जगन्नाथ जी का रथ भक्तजन अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। रथ के आगे चल रहे इस्कॉन के भक्तों के भजनों पर श्रद्धालुजन झूमते-नाचते हुए चल रहे थे। दल्लिी से इस्कॉन कुछ वैष्णव सन्यासी भक्त भी भजन गाते हुए यात्रा के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य दीपक अग्रवाल, राज गुलाटी, आशीष गर्ग, राम निवास, संजय वाही, अमित गर्ग, भारत मदान, श्याम लाल वर्मा, नीरज गर्ग, रमेश कुमार, बलविंदर, संजीव धीमान, सुमित ओबराय मौजूद रहे।



कैथल। भगवान जगन्नाथ यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

#### स्वागत में लगाए तोरण द्वार

यात्रा में भगवान जगन्नाथ नेअपने भाई बलदेव और बहन सुभद्रा महारानी के साथ कैथल शहरवासियों को रथ पर विराजमान हो कर दर्शन दिए। उनके स्वागत के लिए पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शहर में जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए थे और रंग बिरंगी लाइटों से सड़कों को सजाया गया था।श्री खाटू श्याम मंदिर से शुरू होकर, ढांड रोड, सेक्टर 19, मार्केट 19, मध्य मार्ग, ऋषि नगर, करनाल रोड, पिहोवा चौक, कमेटी चौक से होते हुए गीता भवन मंदिर में विशाल भंडारे के संपन्न हुई।

## एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने का आरोपी काबू

**कैथल।** पैसे निकालने में मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर करीब 3.75 लाख रुपये निकलवाने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह की अगुवाई में पीएसआई अमन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला हिसार के बरवाला निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना पूंडरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार 4 मई को वह अपने बैंक खाते से रुपये निकलवाने के लिए पूंडरी स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम पर गया था। जब वह पैसे निकाल रहा था तो उसी समय दो लडके उसके पीछे आ गए। उन्होंने उसकी रुपये निकालने में मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। बाद में उसके खाते से तीन लाख 74 हजार 997 रुपये निकाल लिए। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए अदालत से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने पर एक नामजद

**जींद।** शहर थाना इलाके में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को बताया कि गत सात जुलाई को उनके मोहल्ले का ही कुलदीप उसकी 12 वर्षीय बेटी को एकांत में ले गया और उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब दुष्कर्म के कारण उसकी बेटी की तबीयत खराब हो गई। बेटी से पूछताछ करने पर उसने कुलदीप की हरकत के बारे मे बताया। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की मां की शिकायत पर आरोपित कुलदीप के खिलाफ दुष्कर्म समेत भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### रोहतक रोड पर लगाया रक्तदान शिविर

**नरवाना ।** फर्नीचर एसोसिएशन के प्रेस सचिव सोकत अली के प्रतष्ठिान रोहतक रोड पर साहिल स्टील पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शौकत अली ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है।

### सत्ता जाने के डर से खुद के फैसले बदल रही भाजपा

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता वीरेंद्र घोघडिया घोघडिया ने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार अब सत्ता से बेदखल होने के डर से हर रोज यू-टर्न लेने में लगी है। यू-टर्न का रिकॉर्ड बनाने के बाद भी अब इनका सत्ता में बने रहना मुमकिन नहीं है।

### मोबाइल फोन दे रहा है बीमारियों को न्योता

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में छात्रों को मोबाइल से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने कहा कि आज मोबाइल लोगों के लिए एक बहुत जरूरी गैजेट बन गया है। लोग अपने साथ चल रहे ईसान को भूल जाते है लेकिन फोन लेना नहीं भूलते। कई लोग सिर्फ काम के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं।

### गरीबों के लिए पीएम सूर्य घर योजना कारगर : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है वे योजना का लाभ उठा सकते हैं। सोलर पैनल लगाने का खर्च एक लाख 10 हजार रुपये है। 60 हजार की राशि केंद्र सरकार द्वारा और 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा।

### बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों ने की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के नपा कार्यालय में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुदेश रानी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में कार्यकारी ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार, सचिव वीरेंद्र दलाल, उपप्रधान जितेंद्र सैनी, कैशियर कप्तान सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी कृष्ण, प्रचार सचिव सुनील वर्मा को बनाया गया।

### कैडेट्स को आग बुझाने के तरीके बताए

**जींद।** 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में सातवें दिन एनसीसी ट्रेनिंग में कैडेट्स को ड्रिल सिखाई गई और मैप रिडिंग के बारे में जानकारी दी गई। कैडेट्स को साहसिक प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग द्वारा कैडेट्स को आग लगने के बाद उसे बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गयी। ट्रैफिक पुलिस ने कैडेट्स को रोड सेफ्टी के बारे मे बताया गया कि किस प्रकार से कैडेट्स को सड़क पर चलते समय किन किन नियमों का पालन करना चाहिए।

### दनौदा में ग्रामीणों ने हवन कर लगाया भंडारा

**नरवाना ।** दनौदा कलां गांव में हर वर्ष की तरह हवन यज्ञ व चावल घी का भंडारा लगाया गया। कमेटी के सदस्य सुभाष फौजी व राजकुमार फौजी ने बताया कि दनौदा गांव में हर वर्ष की तरह गांव में एक थाली गांव में घुमाई जाती है जिसमे गांव के हर घर से श्रद्धा अनुसार दान थाली में डाला जाता है जिस दान से इस भंडारे का आयोजन होता है साथ ही उन्होंने बताया की गांव के बुजुर्ग बताते है की यह परम्परा जब से गांव बसा है तब से चली हुई है। इस परम्परा से गांव में सुख समृद्धि आती है।

## महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में वैदिक सत्संग

# संस्कार और संस्कृति की उड़ाई जा रही धज्जियां : स्वामी रामवेश

सबसे पहले माता संस्कार बनाती है। उसके बाद पिता, गुरु और सहपाठी जीवन पर असर डालते हैं यदि चारों के संस्कार ठीक न हों तो बच्चे का निर्माण नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। प्रवचन करते हुए स्वामी रामवेश।

महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन स्वामी रामवेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रिंसीपल इंद्र सिंह आर्य, कैप्टन जोगेंद्र सिंह खटकड़, मा. जगफूल सिंह ढिल्लो व योग मुनि ने भी अपने विचार रखे। स्वामी रामवेश ने कहा के संसार बुरी अवस्था से गुजर रहा है, संस्कार और संस्कृति की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। असली रूप में संस्कार के जन्मदाता, मातृशक्ति, पिता, गुरु और सहपाठी से मिलते हैं। यदि चारों के संस्कार ठीक न हो तो बच्चे का निर्माण नहीं हो सकता, सबसे पहले माता संस्कार बनाती है। उसके बाद पिता, गुरु और सहपाठी जीवन पर असर डालते हैं। सहपाठी बच्चे के जीवन पर सबसे ज्यादा असर डालते हैं। माता-पिता और गुरु तक की योजनाएं फैल हो जाती हैं।

### जीवन की क्रिया को बदलें विद्यार्थी

इसी विषय में बोलते हुए प्रिंसीपल इंद्र सिंह आर्य ने विद्यार्थी की सामयिक अवस्था पर विचार रखते हुए उनके जीवन की क्रिया को बदलने को कहा। कैप्टन जोगद्रिं सिंह खटकड़ ने मलट्री फोरस आदि में मजबूती पैदा करने के लिए नौजवानों के चरत्रि नर्मिाण पर बल दिया। मा. राजबीर सिंह आर्य ने वद्यिार्थियों के हर तरह के सुधार जैसे शारीरिक, आत्मिक और शैक्षणिक शक्षिा को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया। योग मुनि ने भजनों के माध्यम से महर्षि दयानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। संगीत वद्यिा से वेद प्रचार करने का संकल्प दिलवाया और श्रोताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आर्य समाज से जुडने को कहा। इसके लिए भवष्यि में बड़ी मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। विद्यासागर शास्त्री ने हवन करवाया। इस अवसर पर रणबीर सिंह आर्य, रघुबीर सिंह मलिक, राजेंद्र सिंह मलिक, दयानंद आर्य, मा. कर्ण सिंह आर्य व बलवान सिंह आर्य आदि अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अंत में शांति पाठ के साथ सत्संग में आए सभी आर्यजनों ने ऋषि लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।

# व्यापारियों के सुझाव घोषणा पत्र में शामिल होंगे

- कांग्रेस की सरकार में व्यापारियों को हरकदम पर न्याय मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। दीपक बावरिया का फूल माला के साथ स्वागत करते हुए व्यापारी।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र की चेयरमैन पूर्व कैबिनेट मंत्री गीता भुक्कल तथा कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी तथा सफीदों से विधायक सुभाष गांगोली के समक्ष व्यापारी संगठनों और ट्रेड यूनियन के प्रधानों ने प्रस्ताव रखे। प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया ने व्यापारियों से चर्चा की। कई व्यापारियों ने आगजनी की घटनाओं से हुए नुकसान के मुआवजे की रखी बात और कई व्यापारियों ने सुरक्षा गारंटी की रखी मांग। कुछ ट्रेड यूनियन के प्रधानों ने बुढ़ापा पैंशन के प्रावधान की बात रखी । व्यापारियों ने कहा कि हर रोज सरेआम दिनदहाड़े व्यापारियों की अपराधियों द्वारा हत्या की जा रही है। फिरौती और अपहरण के मामले भी दिन, प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी की सरकार में व्यापारियों को हरकदम पर न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की हत्या व अपहरण की घटनाएं चिंताजनक है। व्यापारी प्रदेश से प्लायन कर रहे हैं।


जींद। पार्क में श्रमदान करते हुए सेव संस्था सदस्य।

### पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आफॅ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 388वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ -सफाई और घास खुदाई करने के साथ-साथ आम आदमी को पर्यावरण शुद्ध रखने का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण शुद्ध रखने में हर आदमी ने जम्मिेदारी समझनी चाहिए। शुद्ध पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हस्सिा है। शहर के सभी पार्क वहां के आस व पड़ोस के लोगों ने पार्क पॉलिसी के तहत गोद ले लेने चाहिए ताकि हम उनका ध्यान रख सके। पर्यावरण के प्रति हर आदमी जगरून का होना चाहिए। इसलिए सभी ने अपना फर्ज समझ कर स्वच्छता में अपना योगदान देना चाहिए।

### रेलवे मंत्री से समस्याओं के समाधान की मांग

**उचाना।** अग्रवाल जनहित समिति द्वारा उचाना रेलवे स्टेशन संबंधित मांगों को लेकर रेलवे मंत्री को पत्र लिख कर समस्याओं के समाधान की मांग की। समिति चेयरमैन रामनिवास करसिंधु ने बताया कि रेलवे मालगोदाम की जो दीवार है वो काफी साल पहले बनी थी। जर्जर हो चुकी दीवार कई जगहों से गिर चुकी है। दीवार के निर्माण की मांग करने के साथ-साथ रेलवे मालगोदाम की तरफ गेहूं, चावल के बैगों को मालगाड़ी में लोडिंग करने वाली लेबर के लिए शौचालय, पीने के पानी की मांग की है। रेलवे मालगोदाम पर फैल रही गंदगी को साफ करके यहां पर पौध रोपण करने, दीवार के साथ कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग पत्र के माध्यम से की गई।

# कवियों ने अपनी रचनाओं से मोहा मन

- सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद जयंती के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। बैठक में भाग लेते हुए कवि।

हिन्दी साहित्य प्रेरक संस्था जींद पंजी. के महासचिव बलराज स्नेही ने बताया कि सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा साहित्य अकादमी और संस्कृति अकादमी पंचकूला के तत्वावधान में हरियाणवी भाषा के विकास की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी साहित्यअकादमी एवं हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्म देव वद्यिार्थी ने हरियाणाभर के साहित्य साधक व साधिकाओं को आमंत्रित किया। जिसमें हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद पंजी. का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय कवि संगम, साहित्य सेवी संगठन उचाना, साहित्य शिखा नरवाना, संस्कार भारती जींद, साहित्य सभा कैथल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जींद, भिवानी, रोहतक, झज्जर, पंचकूला के सदस्यों ने भी पुनीत अनुष्ठान में आहुतियाँ दी। दोहा, कुंडली, गीत, गजल, कविता प्रस्तुत कर सामाजिक पहलुओं को छुआ। विभिन्न श्रेत्र से आए इन कवियों ने ऐसा समां बांधा कि चलती बस में बने वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतियां देख श्रद्धेय निदेशक की मुख से निकला चलती बस, उड़ती कविता सचमुच एक अनूठा प्रयोग किया गया और हमने यह जाना कि सफर के दौरान भी अच्छा काव्य उत्सव मनाया जा सकता है।

### किसी को अपना बनाना है तो मुस्कराओ : शांडिल्य

**उचाना।** शहर के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि आप अपनी पांचों इंद्रियों का सदुपयोग करें। आप अगर सुखी जीवन जीना चाहता है तो तीन बातें ध्यान रखें। ठीक ढंग से रहना आ जाए, ठीक ढंग से अपनी बात कहना आ जाए, जरूरत पड़ने पर सहना आ जाए। हमें ठीक ढंग से रहना नहीं आता, ढंग से अपनी बात कहनी नहीं आती और सहना भी नहीं आता है। बच्चों को मां-बाप कुछ कहते हैं तो बच्चों को सहन नहीं होता और वे घर छोड़कर तक चला जाता है। मां-बाप जब डांटे तो बच्चे ये सोचें कि मां-बाप नहीं डांटेंगे तो और कौन डांटेंगे। जब बच्चा गलती करें तो बड़े ये सोचे कि बच्चा गलती नहीं करेगा तो और कौन करेगा। गलती चाहे कितनी बार करो लेकिन एक गलती बार-बार न करो।

# सुझावों के बारे में किया मंथन

- न्याय चौपाल में कई व्यापारी नेताओं ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। राजकुमार गोयल को स्टेज पर बुलाकर बातचीत करती गीता भुक्कल।

शहर में आयोजित व्यापारी न्याय चौपाल में कई व्यापारी नेताओं ने व्यापारियों के हितों से संबंधित अपने अपने सुझाव रखे। इसी कड़ी में जब हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने चुनावी घोषणा पत्र के लिए अपने सुझाव रखे तो ये सुझाव कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की चेयरमेन गीता भुक्कल को पसंद आए। गीता भुक्कल ने उन्हें स्टेज पर बुलाया और इन सुझावों के बारे में मंथन किया। गीता भुक्कल ने राजकुमार गोयल से इन सुझावों को लिखित में भी मांगा। इस अवसर पर हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक सुभाष गांगोली, महावीर गुप्ता, महावीर कम्प्यूटर, प्रमोद सहवाग, प्रदीप गिल, पवन गर्ग, राजू लखीना, रघबीर भारद्वाज, रमेश सैनी इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोयल ने सुझाव रखा कि हरियाणा में ई-वे बिल की लिमिट 50 हजार से बढ़ा कर पांच लाख रुपये की जाए। हरियाणा में ई-इनवॉइस की लिमिट पांच करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की जाए।


जींद। अभिभावकों के साथ बैठक करते हुए स्कूल प्रबंधन

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन में अभिभक्षक शिक्षक बैठक

**जींद।** यदुवंशी शक्षिा निकेतन (बीबीपुर) में अभिभावक शक्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा नर्सरी से बारहवीं कक्षा के अभिभावकों ने शिरकत की व सभी कक्षाओं के पीण्टीण के परिणाम उत्कृष्ट रहे शक्षिकों बच्चों के प्रदर्शन ने अभिभावकों को की जानकारी दी और का को बच्चों की परिणाम हिपोर्ट साझा की। इस बैठक में बच्चों की पढ़ाई व खेलकूद सहित दूसरी गतिविधियों पर चर्चा हुई व ग्रीष्मकालीन अवकाश के रगृहकार्य को लेकर भी शक्षिकों ने अभिभावकों से रिपार्ट ली। इसके साथ-साथ वद्यिालय के द्वारा पिछले सप्ताह यानि रविवार को आई केन डू परीक्षा का आनी रविवारा किया गया। जिसमें नौवी से बारहवीं तक के सभी छात्रों ने भाग लिया। इस परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले श्रेष्ठ दस बच्चों का चयन करके उन्हें एनडीए, जेई, एम्स आदि प्रतियोगिताओं की निःशुल्क कोचिंग कोचिंग व हॉस्टल फेसिलिटी के साथ-साथ करवाई जाएगी। अभिभावक शक्षिक बैठक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वद्यिालय के प्रधानाचार्य जतिन ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनर्भिर बनाना था।


जींद। गांव में सक्रिय अभियान चलाते हुए युवा।

### युवा मंडल कंडेला ने गांव में चलाया सफाई अभियान

**जींद।** युवा मंडल कंडेला ने गांव में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्रिू कंडेला ने की। युवा मंडल कंडेला के प्रधान हरदीप कंडेला ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों की सफाई करना भी हमारी अपनी जम्मिेवारी बनती है। गांव को स्वच्छ रखना युवाओं का प्रथम कर्तव्य है। युवा मंडल कंडेला के उप प्रधान राकेश कंडेला ने कहा कि जैसे हम अपने घर को साफ -सुथरा रखते हैं। अगर ऐसे ही हम अपने आसपास के स्थानों को साफ -सुथरा रखेंगे तो हम मनुष्य को होने वाली बहुत सी बीमारियों को कम कर सकते हैं। जितना ज्यादा हम ध्यान हम सफाई की ओर देंगे उतने ही लोग स्वस्थ रहेंगे। युवा मंडल कंडेला के प्रमुख सलाहकार नरेंद्र शर्मा ने कहा कि देश को साफ -सुथरा रखने के लिए हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। स्वच्छता अभियान को सफल बनाना सभी का दायत्वि है।

# जन-जन तक पहुंचाएंगे योजनाएं

- सफीदों में हुई भाजपा मंडल विस्तारित बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। बैठक को संबोधित करते हुए जसमेर रजाना।

सफीदों विधानसभा के पल्लिूखेड़ा मंडल की वस्तिारित कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें मुख्यअतिथि पार्टी के वरिष्ठ नेता जोरा सिंह बडनपुर पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता रामफल मोरखी ने की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी योजना के जिला संयोजक व सफीदों विधानसभा के वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना भी मुख्य तौर पर शामिल हुए। रजाना ने बैठक को संबोधित करते हुए पल्लिूखेड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि तीसरी बार हरियाणा प्रदेश में जनता की नायब सरकार बनने जा रही है। रजाना ने बताया कि प्रदेश में भय का माहौल बनाने वालों गैंगस्टर को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खुले मंच से चुनौती दी है। प्रदेश में कड़ाई से कानून अपना काम करेगा और तीन गैंगस्टर का एनकाउंटर करके प्रदेश बहादुर पुलिसकर्मियों ने दिखा दिया है कि प्रदेश में ला एंड ऑर्डर बरकरार रखा जाएगा। 48 घंटे के अंदर बदमाशों का सफाया हो गया है।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ।

### आदर्श विद्यालय का हमेशा ऋणी रहूंगा : अनिल

**नरवाना।** आज आदर्श बाल मंदिर उच्च वद्यिालय नरवाना में प्रधानाचार्य अनिल कुमार का विदाई समारोह किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष कृष्ण चुघ प्रबंधक दिनेशए कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर उपाध्यक्ष डॉ. धूप सिंह संरक्षक भारत भूषणए पवन पूर्व प्राचार्य दिनेश संजय भारद्वाज एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन किया। आचार्य प्रतिनिधि जोगद्रिं ने माननीय प्रबंध समिति के सदस्यों का परिचय करवाया और प्राचार्य अनिल के सरकारी सेवा में अंग्रेजी प्रवक्ता की नियुक्ति पर वद्यिालय परिवार की ओर से विशेष बधाई दी। प्रधानाचार्य के 8 वर्षों के कुशल नेतृत्व की विशेष उपलब्धियों का वर्णन किया। अनीताए पूजा मोनिका ममता सुमन ने विदा क्या करें हम गीत गाकर सबको भावुक किया। सुशील ने भी दोहे और कविता सुनाकर सबको भाव.विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य अनिल की विदाई पर रामकेश जितेंद्र शास्त्रीए नीलम सुमन एवं अन्य आचार्य बंधु भगिनी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. धूप सिंह संरक्षक भारत भूषणए कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर ने भी अनिल के 8 वर्षों का प्रबंध समिति एवं वद्यिालय के प्रति समर्पणए उनकी उपलब्धियां और कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भवष्यि की कामना की।

## बाबा जालंधरनाथ की तपो भूमि पर स्थापित होगी बाबा की मूर्ति

# भंडारे में इकट्ठे बैठकर खाने से बढ़ता है भाईचारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना


जींद। मंदिर में साधु को सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

जुलाना कस्बे के बाबा टिप वाले मंदिर पर पूरे गांव की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया और इस मौके पर बाबा जालंधरनाथ की मूर्ति स्थापना के लिए नींव रखी गई। इस मौके पर झमोला डेरे के महंत सोमनाथ ने पहुंच कर पूजा करने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर की नींव रखी। साथ में डेरे के महंत रविनाथ भी मौजूद रहे। बाबा सोमनाथ ने कहा कि जुलाना की भूमि महान संत बाबा जालंधरनाथ की तपो भूमि है। जिस पर आने से सभी में सद्बुद्धि आ जाती है। बाबा जालंधरनाथ का आशीर्वाद हमेशा जुलाना नगरी व आसपास के लोगों पर बना रहे। बाबा सोमनाथ ने कहा कि इकट्ठे बैठ कर खाने से भाईचारा बढ़ता है और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से सद्भावना पैदा होती है। जिससे लोगों में आध्यात्मिक विचार पैदा होते हैं। रविवार को बाबा टिप वाले का वार्षिक भंडारे का आयोजन पूरे गांव की ओर से किया गया और यह भंडारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है। गांव के बुजुर्ग पूर्व एसडीओ राजबीर लाठर ने कहा कि धर्मिक कार्यक्रम होने से अपराधी गतिविधियां कम होती है। लोगों में अपने इष्ट देवता के प्रति आस्था का होना बहुत जरूरी है। इससे नशे सहित अन्य गलत कार्यों से युवा पीढ़ी दूर रहती है। वेदपाल एमसी ने कहा कि हर वर्ष गांव द्वारा लोगों के सहयोग से विशाल भंडारा लगाया जाता है लेकिन इस बार लोगों में बाबा के प्रति आस्था ज्यादा बढ़ी है। इसी कारण पूरा दिन हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजबीर लाठर, होशियार सिंह लाठर, भगतसिंह लाठर, समाजसेवी आनंद लाठर, पूर्व एमसी वेदपाल लाठर, जगबीर लाठर, आजाद सिंह, रोहताश लाठर, जयभगवान सिंह, हरपाल लाठर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### फोन पर जान से मारने की दी धमकी

**कैथल।** पुंडरी पुलिस ने मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव सिरसल के जोगेंद्र कुमार ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 3 मई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुंडरी में मारपीट में महिला घायल

**कैथल।** कस्बा पुंडरी में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हाबड़ी रोड पूंडरी की जोगिंदर कौर ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 जुलाई को हरविंदर और सहजपाल ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पोर्टल बनाने का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि बागवानी किसानों के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना पोर्टल शुरू किया हुआ है। पोर्टल बनाने का उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाने और किसानों को जोखिम मुक्त खेती करने के लिए है। इस योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। प्रतिकूल मौसम कारक प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, तापमान, पाला, जल कारक आंधी तूफान व आग जो फसल नुकसान का कारण बनते है, को योजना में शामिल किया जा रहा है।

### माजरी में 31 जुलाई को लगेगा रक्तदान शिविर

**गुहला-चीका।** ग्रामवासियों एवं समाजसेवी संस्था नेकी का घर के सहयोग से उपमंडल के गांव माजरी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए नेकी का घर के संस्थापक सन्नी कालड़ा ने बताया कि उक्त रक्त कैंप गांव के श्री गुरुद्वारा साहिब में लगाया जाएगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और पुण्य के भागी बनें।

### सावन में शिवलिंग पर जलाभिषेक विशेष फलदायी

**राजौंद।** सावन माह पूरी तरह से भगवान शिव को समर्पित होता है। इस माह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। इस बारे आचार्य संजय शर्मा ने बताया कि श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू हो रहा है और 19 अगस्त तक चलेगा। अब की बार 2 अगस्त दिन शुक्रवार को शिव चौदस व्रत होगा और 2 अगस्त को शाम 3 बजकर 27 मिनट से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा सकता है।



### दुर्गा मंदिर में किया पौधरोपण कार्यक्रम

**राजौंद।** नगर के दुर्गा मंदिर में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें फलदार, फूलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए। दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र भनोट, सतपाल मत्तिल, पुजारी रामपाल, सतपाल शर्मा ने बताया कि पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, केवल पौधे लगाने से ही हमारा कर्त्तव्य पूरा नहीं हो जाता। जब तक पौधे छाया देने के योग्य नहीं हो जाते तब तक हमें पौधों की सिंचाई के साथ साथ देखभाल भी करनी चाहिए। वर्तमान में पूरे वश्वि के सामने पर्यावरण प्रदूषण की समस्या एक जटिल समस्या है। इसका समाधान पौधे लगाकर किया जा सकता है। सभी प्रजातियों के पेड़ मनुष्य के लिए लाभकारी हैं।

---

### पंचायत बनाने की मांग पर रामा आश्रम में कस्बे के लोगों ने की बैठक

# सीवन में नगर पालिका भंग करने की मांग ने पकड़ा जोर

- सीवन को 2019 में मिला था नगर पालिका का दर्जा
- नगरपालिका बनने के बाद से विकास कार्य बंद हो गए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन**



सीवन। बैठक में उपस्थित कस्बावासी। फोटो : हरिभूमि

सीवन नगरपालिका का दर्जा भंग कराने की मांग पर रविवार को रामा आश्रम में कस्बावासियों की बैठक वरिष्ठ नेता अमरेंद्र खारा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कृष्ण कुमार आनंद, यशपाल राणा, अमृत लाल, सुरेंद्र नागपाल, सुरेश वधवा व अन्य ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीवन नगरपालिका को भंग करवाने के लिए एक बार फिर से सभी ग्राम वासियों को लामबंद होना होगा। नगरपालिका के आने के बाद से नगर में विकास कार्य बंद हो गए हैं और सभी ग्रामीणों को नुकसान ही हुआ है। पहले तो सफाई हो जाती थी परंतु जब से नगरपालिका आई है उसके बाद से सफाई व्यवस्था भी ठप्प है। नगर की बाहर का कालोनियों में कोई सफाई कर्मचारी नहीं जाता है। सभी अपनी मनमर्जी कर रहे हैं और नगरपालिका ढिंढोरा पीट रही है कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त हुई है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को बेरोजगार किया गया। बेरोजगार युवाओं से उनका ग्रामीण क्षेत्र का हक छीन लिया गया। लोगों को अपने ही घर में किरायेदार बना दिया गया और उनसे उनके मालिकाना घर व दुकानों का किराया टैक्स के नाम पर वसूलने का काम नगरपालिका द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य आगामी रणनीति बना कर नगरपालिका को समाप्त करना है और यह तभी संभव है जब सभी ग्रामवासी एक साथ एकजुट होंगे। इस अवसर पर रमेश जेई, नारायण, सुरेश सैनी, रामेश्वर तंवर, राजपाल तंवर, बलराज, सतपाल सैनी, पाला राम सैनी, दर्शन रहेजा, पिरथी सैनी, पाला राम सौदा, काला राम, साहिल वर्मा व भारी संख्या में में नगर निवासी मौजूद थे।

#### 19 को दोबारा होगा बैठक का आयोजन

अमरेंद्र खारा व यशपाल राणा ने बताया कि रविवार की बैठक जो रामा आश्रम में होनी थी उसी समय पर एक अन्य पार्टी की बैठक भी वहां पर होनी तय हुई थी। जानकारी के अभाव में दोनों बैठकों का समय एक ही रखा गया। अब सीवन नगरपालिका को भंग करवाने के लिए बैठक का आयोजन 19 जुलाई को रामा आश्रम में बुलाई गई है। इस दिन आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। यदि आवश्यकता हुई तो एक बार फिर से धरना भी आरंभ किया जाएगा।

---



पूंडरी। बातचीत करते हुए वरष्ठि भाजपा नेता ईशम सिंह साकरा।

## मोहन लाल बड़ौली की नियुक्ति से भाजपा भविष्य में मजबूत होगी : ईशम साकरा

- विस चुनाव में पूर्ण बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मोहन लाल बड़ौली की नियुक्ति पर कैथल जिला उपाध्यक्ष एवं मार्किट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां नायब सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष होते हुए अचानक मुख्यमंत्री बनाए गए तो वहीं अब प्रदेश अध्यक्ष की जम्मिेदारी भी किसी कार्यकर्ता को दी जानी थी तो केंद्रीय नेतृत्व में इसके योग्य मोहनलाल बड़ौली को समझा, जिनके नेतृत्व में भाजपा भवष्यि में मजबूत होगी और विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में कामयाब होगी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में ने बड़ी मजबूती के साथ भाजपा ने 5 सीटें जीती हैं तो वहीं अबकी बार पूर्ण बहुमत से विधानसभा में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री द्वारा ओ.बी.सी. को दी गई सौगात पर प्रदेश भर के ओ.बी.सी. समाज में खुशी का माहौल है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हुड्डा परिवार बचा है और बाकी सभी नेता भाजपा छोडकर कांग्रेस को ज्वाइन कर चुके हैं और अब कांग्रेस में कोई भी हुड्डा की गुलामी को स्वीकार नहीं कर रहा। इस मौके पर उनके साथ अनेक कार्यकत्रा मौजूद रहे।

---

## जिले के कॉलेजों में आज से शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल**



कैथल। आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेते विद्यार्थी।

आरकेएसडी कॉलेज कैथल में दूसरी मेरिट सूची के तहत दाखिला प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। इस सूची के तहत दाखिले की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। यदि दाखिला प्रक्रिया में तिथियों में कोई और वस्तिार नहीं होता है तो उम्मीद है कि 15 जुलाई के बाद खुली दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। साथ ही पोर्टल 17 जुलाई को फिर से खुलेगा, यानी यदि कोई अभ्यर्थी पंजीकरण के बिना रह गया है तो वह पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर खुद को दाखिले के लिए पात्र बना सकता है।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि कॉलेज ने समाजशास्त्र, जनसंचार और मनोवज्ञिान विषयों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। डॉ. गोयल ने बताया कि इन सभी पाठ्यक्रमों में 50 सीटें हैं और हालांकि ये स्व-वत्ति योजना के तहत हैं, फिर भी इन पाठ्यक्रमों में फीस में ज्यादा अंतर नहीं है और वद्यिार्थी 17 जुलाई से पोर्टल पर नए पाठ्यक्रमों में अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। साथ ही कॉलेज कुछ विषयों में ऑनर्स पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी का बेसब्री से इंतजार कर रहा है ताकि वद्यिार्थी अपनी शोध डग्रिी के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार कर सकें। इसके अलावा, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में पंजीकरण प्रक्रिया वर्तमान में पोर्टल पर चल रही है और छात्र अब एमए हिंदी, एमए राजनीति वज्ञिान, एमए अंग्रेजी, एमए अर्थशास्त्र, एमएससी गणित, पीजीडीसीए और योग में पीजी डप्लिोमा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

## कर्मचारी हित में लागू होगी पुरानी पेंशन योजना : श्याम

**ढांड।** कांग्रेस के वरष्ठि नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक चौधरी श्याम सुंदर पूर्व सरपंच कौल ने कहा कि इस वर्ष होने वाले चुनाव में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनेगी। हुड्डा सरकार बनते ही प्रदेश की जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी, गरीब परिवारों को 100- 100 गज के प्लॉट, बुजुर्गों को प्रतिमाह 6000 रुपए बुढ़ापा पैंशन, गृहिणियों को 500 रुपए गैस सिलैंडर, योग्यता के आधार पर प्रदेश के युवाओं को 2 लाख पक्की नौकरियां, पुरानी पेंशन योजना सहित अन्य लाभ दिए जाएंगे श्याम सुंदर अपने जन संपर्क अभियान के तहत हलके के विभन्नि गांवों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल भी खोली। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में बेरोजगारी व महंगाई चरम सीमा पर है। जन हितैषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में आज भी करीब 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं।



## कुमारी शैलजा के नेतृत्व में प्रदेश में बनने जा रही है कांग्रेस की सरकार : बलकार सिंह

- भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों की छवि को धूमिल किया
- कांग्रेस नेता ने पूंडरी कार्यकर्ताओं की बैठक में किया संबोधित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी**



पूंडरी। बातचीत करते कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलकार सिंह पूंडरी।

सांसद कुमारी शैलजा के बेहद करीबी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौ. बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि हरियाणा में अगली सरकार सांसद कुमारी शैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस की बनने जा रही है, क्योंकि भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों की छवि धूमिल करने का काम किया है, जो सरकार सुशासन के बड़े-बड़े दावे करती है, प्रतिदिन हो रही लूटपाट और हत्याओं की घटनाएं उस सुशासन की पोल खोल रही हैं। आज पूंडरी कार्यालय में कार्यकत्राओं की एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार केवल संगठनात्मक गतिविधियों में व्यस्त होकर प्रदेश की जनता को रामभरोसे छोड़ रही है। आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में प्रतिदिन 3 लोगों की हत्याएं हो रही हैं और प्रतिदिन 5 महिलाओं की इज्जत लुट रही है। प्रदेश को लूटपाट और भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर सरकार झूठी वाहवाही लूटने व केवल संगठनात्मक गतिविधियों पर ही ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय क्राइम ब्यूरो के आंकड़ों 2023 के अनुसार हरियाणा में 974 हत्या, 1701 दुष्कर्म, 139 गैंगरेप, 3871 अपहरण, 10946 महिलाओं पर अपराध, 271 लूटपाट में लाखों चोरियों की वारदातें हो चुकी है। इस मौके पर जगदेव सोलूमाजरा, दीप सोलूमाजरा, सुभाष सांच, रमेश चुहड़माजरा, नवीन कौल, बलवान सिंह, महिपाल बंदराणा सहित अन्य मौजूद रहे।

---

## एसपी अम्बाला के घेराव कार्यक्रम में गुहला से जाएंगे सैकड़ों किसानः बल्लू



गुहला चीका। सींह गांव में अम्बाला जाने के लिए किसानों को प्रेरित करते हुए जगदेव पूनिया।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका**

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह हरियाणा के हलका प्रधान बलकार सिंह बल्लू ने दावा किया है कि एसपी अम्बाला के 17 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम में गुहला हलका से सैकड़ों किसान भाग लेंगे। बल्लू रविवार को गुहला हलका के गांव सरोला, टटियाना, सींह व भूंसला आदि में अम्बाला जाने का प्रचार करने के दौरान गांव सींह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दिन एस.पी. अम्बाला कार्यालय का घेराव किया जाना है क्योंकि सर्वविदित है कि किसान आन्दोलन के दौरान इसी साल 28 मार्च को यूनियन के वाटर कैनन के नाम से मशहूर एक जांबाज किसान नवदीप सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था परंतु यूनियन द्वारा बार बार आग्रह करने के बावजूद सरकार व प्रशासन ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और वह अभी तक जेल में है।

## चीका वार्ड एक के लोगों ने कम्यूनिटी हाल की देखरेख के लिए बनाई कमेटी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका**



गुहला-चीका। पत्रकारों को बैठक की जानकारी देते हुए पार्षद काला पहलवान। फोटो : हरिभूमि

रविवार को चीका वार्ड नम्बर 1 के नगर पार्षद काला पहलवान की अध्यक्षता में कम्यूनिटी हाल में ही वार्ड के लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से हरबंस सीड़ा को कम्यूनिटी हाल की देखरेख के लिए प्रधान पद की जम्मिवारी सौंपी गई। इसमें डॉक्टर अमर उपप्रधान व हैप्पी सीड़ा को कैशियर बनाया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उक्त कार्यों को पूरा करने के लिए उन्हें लोकल प्रशासन एवं वार्ड के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। पहलवान यहां वार्ड के कम्यूनिटी हाल में एक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वार्ड में बहुत ही आकर्षक कम्यूनिटी हाल बनाया गया है, जिसकी देखरेख के लिए वे केवल प्रशासन पर ही नर्भिर नहीं रहेंगे अलबत्ता उन्होंने इसी हाल में वार्ड के लोगों की एक बैठक बुलाई और समाजसेवा व काम करने वाले युवाओं की एक कमेटी गठित की। उन्होंने बताया कि कमेटी में शामिल लोग इस हाल की लगातार निगरानी करेंगे ताकि आम जन इसका फायदा उठा सके और यह हाल हमेशा ही साफ सुथरा बना रहे। हाल ही में वार्ड में एक प्राचीन शमशान घाट को भी काफी अच्छी हालत में लाया गया है और उसकी सफाई आदि करके भगवान की फोटो व अन्य कलाकारी भी करवाई गई है। पार्षद ने बताया कि वार्ड में कन्याओं का एक प्राइमरी स्कूल भी है।

## प्रदेश की राजनीति में शुरू हो चुका बदलाव : भाणा



पूंडरी। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका**

पूंडरी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों की एक सभा को संबोधित किया। हिशम सिंह रंगा द्वारा आयोजित इस सभा में भाणा ने सभी लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया। भाणा ने कहा कि प्रदेश में राजनीतिक बदलाव शुरू हो चुका है। जिससे जनता का रुझान निरंतर कांग्रेस पार्टी की तरफ बढ़ता जा रहा है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान वे जिस गांव में भी जा रहे है, लोग कांग्रेस के शासनकाल को याद कर पार्टी के साथ काफी संख्या में जुड़ रहे है। रणदीप सुरजेवाला के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के मजबूत होने का सिलसिला निरंतर जारी है।

---

### कलायत में आयोजित विश्वकर्मा सम्मेलन में सर्वसम्मति से लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

# विश्वकर्मा समाज ने अपने हक हासिल करने के लिए तैयार की रणनीति

- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर विश्वकर्मा समाज ने संघर्ष का ऐलान किया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत**





कलायत। विश्वकर्मा सम्मेलन के दौरान उड़ान फाउंडेशन प्रधान रेखा धीमान टीम को सम्मानित करती महिलाएं तथा सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

विश्वकर्मा समाज ने हरियाणा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 2024 के चुनाव से पहले अपनी रणनीति तैयार करने का सिलसिला तेज कर दिया है। इसके तहत हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में राजनैतिक प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर विश्वकर्मा समाज ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है। इसके तहत राज्य की प्रत्येक विधानसभा में समाज को एकजुट करते हुए अपने हस्सिे की टिकटों की मांग राजनैतिक दलों से की जाएगी। जो दल समाज को प्रतिनधित्वि का अवसर देगा उसका समर्थन किया जाएगा। यह फैसला रविवार को प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित भगवान वश्विकर्मा वाटिका परिसर में आयोजित सम्मेलन में लिया गया। सम्मेलन के संयोजन की कमान वश्विकर्मा युवा संगठन प्रधान प्रीत जगदेव ने संभाली। इस दौरान प्रीत जगदेव ने सर्व सम्मति से प्रदेश के विभन्नि जिलों से वश्विकर्मा समाज के अलग-अलग संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों के समक्ष समाज की महत्वपूर्ण मांगों का प्रस्ताव रखा। इसमें राजनीति में वश्विकर्मा समाज को प्रतिनधित्वि प्रदान करने, कलायत में विश्वकर्मा श्री तख्त का नर्मिाण, तकनीकी कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर समाज के युवाओं को प्रशक्षिण, रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की सरल विधि, राज्य के सभी जिलों में वश्विकर्मा छात्रावास और अन्य मुद्दे शामिल रहे।

इन मांगों को हरियाणा की सभी विधानसभाओं में समाज द्वारा राजनैतिक दलों के समक्ष प्रमुखता से उठाने का संकल्प किया गया। सम्मेलन में मंच संचालन नगर पार्षद आर.एस धानियां ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुलवंत सिंह यमुनानगर, पवन धीमान, जोगेंद्र जांगड़ा बल्लवगढ़, सुशील धीमान, वश्विकर्मा समाज के मुख्य प्रचारक आर्य, सुरेंद्र धीमान, दिनेश धीमान, अंबाला कैंट से रवींद्र जगदेव, रत्न लाल रोहतक, उड़ान फाउंडेशन अध्यक्ष रेखा धीमान, महिला पार्षद सुनीता धीमान, काला प्रधान, बलवद्रिं साहा, हिसार से गुलाब सिंह, कुरुक्षेत्र से वेद प्रकाश धीमान, खिजराबाद, हरी ओम धीमान, रामदिया धीमान, प्रदीप धीमान, अनिल धीमान, अनू धीमान और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### बेटियों को सावधान रहने का पाठ पढ़ा गई रेखा धीमान

वश्विकर्मा सम्मेलन में पहुंचे प्रतिनिधियों को बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने सम्मान से नवाजा। उड़ान फाउंडेशन प्रधान रेखा धीमान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। चिंता का विषय है कि पढ़ाई-लिखाई के दौरान कुछ युवा अकसर लड़कियों को झांसे में फंसा कर राह से भटकाते हैं। इससे न केवल बेटियों के पंख कामयाबी की उड़ान से पहले कतरे जा रहे हैं बल्कि परिवार के लोगों द्वारा संजोए गए सपने बिखर रहे हैं। इसलिए बेटियां किसी के दबाव में न आकर खुलकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्थिति को सांझा करें। ऐसा करके समय पर बेटियां और परिवार के लोगों के बीच दूरियां बढ़ाने वालों के इरादों को ध्वंस्त किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** बसंत विहार नरवाना में व्यक्ति से मारपीट करने तथा गाली गलौज करने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मडवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वसंत विहार नरवाना में आया हुआ था। वहां पर सुखबीर फौजी के साथ कहासुनी हो गई।

### तीन युवतियां और एक युवक लापता

**कैथल।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां और एक युवक के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में कैथल की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 जुलाई को सुभाष नगर से उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई तथा वह वापस नहीं लौटी।

### ट्रक ने मारी टक्कर ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

**जींद।** गांव पिंडारा के निकट जींद-गोहाना मार्ग पर बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। जबकि चालक बाल-बाल बच गया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजथल निवासी अनिल रात को ट्रैक्टर लेकर रशितेदारी में गांव बरहा कलां जा रहा था।

### नौकरी का झांसा देकर युवती से यौन शोषण, केस

**जींद।** युवती को नौकरी लगवाने का झांसा देकर नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने तथा ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने व तीन लाख रुपये की नगदी, गहने हड़पने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का उठाएं लाभ

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की जा चुकी है। इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके।

### कालेज को सरकारी दर्जा देने पर ग्रामीणों में खुशी

**राजौंद।** गांव सेरधा के अमरनाथ भगत जय राम कन्या महाविद्यालय को सरकारी दर्जा दिए जाने पर गांव के 36 बिरादरी के लोगों ने खुशी जाहिर की। इस दौरान भारी संख्या ग्रामीण कालेज प्रांगण में एकत्रित हुए। वहां ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लगातार कालेज को सरकारी दर्जा देने के लिए लगातार मांग कर रहे थे।

## ग्रामीणों ने शहीद के नाम से खेल स्टेडियम बनाने की मांग की

# मुख्यमंत्री ने जाजनवाला के शहीद प्रदीप के परिवार को बंधाया ढांढस

सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के अलावा नियमानुसार लाभ परिवार को मिलेंगे : सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार शाम को जींद के जाजनवाला गांव के शहीद लांस नायक प्रदीप नैन के घर पहुंचे और उनके माता-पिता को ढांढस बंधाया। सीएम सैनी ने कहा कि प्रदीप नैन बहादुर और जांबाज कमांडो था, देश के लिए अपनी जान कुर्बान की। सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के अलावा जो भी नियमानुसार होगा, वह लाभ परिवार को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहीद प्रदीप नैन ने अपनी शहादत से प्रदेश व अपने गांव का नाम ऊंचा किया है। हमें हरियाणा के उन वीर जवानों पर गर्व है जो देश के लिए अपनी जान तक की परवाह नहीं करते हैं। शहीद प्रदीप नैन ने आतंकियों से मुठभेड़ में अपनी बहादुरी का परिचय दिया और वीरगति को प्राप्त हुए। ऐसे बहादुर जवानों की बदौलत आज हम अपने देश में पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। उन्होंने उनके परिजनों को कहा कि प्रदीप के शहीद होने का दुख सभी को है लेकिन उन्होंने जिस बहादुरी का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। प्रदेश सरकार हर तरह से शहीद प्रदीप नैन के परिवार के साथ है और हम शहीद की शहादत को नमन करते हैं और शहीद के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रदीप अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए देश की आन-बान और शान के लिए खुद को कुर्बान कर गए। ऐसे महान वीर को मैं सैल्यूट करता हूं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा शहीदों के परिवारों को दी जाने वाली सहायता नीति के अनुसार शहीद प्रदीप नैन के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि तथा अनुकंपा आधार पर परिवार के व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी।



जींद। शहीद प्रदीप परिवार से बातचीत करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### दुख की घड़ी में सरकार प्रदीप नैन के परिवार के साथ

सीएम नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से नरवाना तक हेलिकाप्टर में पहुंचे। इसके बाद नरवाना से गाड़ी में सीधे जाजनवाला गांव पहुंचे। यहां छह जुलाई को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए प्रदीप नैन के माता-पिता से मिले। सीएम ने कहा कि उन्हें दुख है कि प्रदीप परिवार का इकलौता बेटा था। वह मां सौभाग्यशाली है, जिसक कोख से ऐसे साहसी जवान ने जन्म लिया। दुख की इस घड़ी में सरकार प्रदीप नैन के परिवार के साथ है। सरकार द्वारा शहीदों के परिवारों को दी जाने वाली सहायता नीति के अनुसार शहीद प्रदीप नैन के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि जल्द ही दी जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार तथा सेना के नियमों के अनुसार शहीद के परिवार को जो भी सहायता राशि या अन्य सुविधाएं देने का प्रावधान है, वह जल्द से जल्द दिया जाएगा। इस दौरान सीएम के साथ नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, पूर्व सांसद अशोक तंवर, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार, गांव के सरपंच जनक नैन भी उपस्थित रहे।



जींद। शहीद की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### ग्रामीणों ने सीएम को मांग पत्र सौंपा

केंद्र सरकारए राज्य सरकार व सेना नियमानुसार शहीद प्रदीप के पुरे परिवार के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जवान देश की सेवा में अपना जीवन न्योछावर कर देते हैं उनके परिवारों की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनके परिवार ठीक से रहे। हरियाणा सरकार हमेशा से शहीदों के परिवारों के लिए खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। इस दौरान गांव के लोगों ने भी सीएम को मांग पत्र दिया। जिसमें शहीद के नाम से खेल स्टेडियम बनाने की मांग की गई। इस पर सीएम ने उचित संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

### आतंकियों से मुठभेड़ में हुए थे शहीद

उल्लेखनीय है कि गांव जाजनवाला निवासी प्रदीप नैन छह जुलाई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदेरगाम क्षेत्र में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। प्रदीप ने छह आतंकियों को मारकर अपनी शहादत दी।




केथल। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरष्ठि नेता सुरेश गर्ग नौच व शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन के सदस्य

# 101 पौधे लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम का श्रीगणेश

- शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन की नेक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शाइनिंग इंडिया फाउंडेशन फॉर ग्लोबल वैल्फेयर की ओर से हनुमान वाटिका के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम आयोजित किया गया।' मुख्यातिथि के रूप में नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग प्रतिनिधि सुरेश गर्ग नौच, विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीएसपी हेड क्वार्टर उमेद सिंह, स्पेशल आमंत्रित मेहमानों के रूप में आरकेएसडी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के प्रधान अश्विनी शोरेवाला, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास मित्तल, एसएचओ सदर रोहताश कुमार व एसएचओ ट्रैफिक रमेश कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक सुशील बंसल, शाइनिंग इंडिया के चेयरमैन गौरव मत्तिल अधिवक्ता व प्रधान देवेंद्र गोयल ने की। कार्यक्रम के दौरान 101 पौधारोपण किए गए, जिनमें कि टर्मिनेलिया, गुलमोहर, कुसुम, अमलतास, चंपा, सल्विर ऑक, कदंब, पलाश, तेसु, कचनार आदि पौधे शामिल थे। जो कि उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा उनकी नेम प्लेट के साथ लगाए गए। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन साकेत मंगल अधिवक्ता व दीपक अग्रवाल तथा को चेयरमैन डॉ. नवीन बंसल व सुनील चुघ रहे। उन्होंने कहा कि धरती पर जितने अधिक पेड़ पौधे होंगे उतनी ही अधिक जीवनदायी ऑक्सीजन हम सबको मिलेगी। इस अवसर पर संदीप चौधरी, जयदीप चौधरी, राजन मिगलानी, डॉ. सतद्रिं गर्ग, प्रवीण गुप्ता, राहुल खुरानिया, पार्षद अनिल खुरानिया, विजय गर्ग, रोहन मत्तिल, अशोक बंसल आदि ने आह्वान किया कि सभी को अपने आसपास के परिवेश में अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनका संरक्षण करना चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में अपना योगदान दें। स्मृति चन्हि देकर सम्मानित भी किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार

- कपिल कमल में कैथल शहरी मंडल की मीटिंग में विधायक लीला राम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विधायक लीला राम ने भाजपा शहरी मंडल की मीटिंग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। जिसका श्रेय आप सभी कार्यकर्ता को जाता है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कैथल शहरी मंडल ने दिन-रात मेहनत करके नवीन जिंदल को जीतवाने का जो काम किया है। वह सब आप सब की मेहनत का परिणाम है हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पीएम मोदी जी को सहयोग करना है। लीलाराम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्य करता बड़ी मजबूती के साथ मैदान में उत्तर करके काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से देश सेवा के लिए पार्टी की सेवा के लिए दिन-रात काम करता है। आप लोगों की मेहनत से नायब सिंह सरकार फिर से बनेगी।




कैथल। कपिल कमल कार्यालय में मंच पर बैठे पदाधिकारी

### मिशन एडमिशन : फाइनल मेरिट लस्टि में दाखिले का आज अंतिम दिन

जींद । महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर फाइनल मेरिट लस्टि में जिन वद्यिार्थियों का नाम आया है, उन्हें अपनी फीस जमा करवाने का सोमवार को अंतिम दिन है। इसके बाद खाली बची सीटों पर 17 जुलाई को कालेज स्तर पर फिजिकल काउंसिलिंग होगी। कालेजों में अभी भी 30 प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली बची हैं। सबसे ज्यादा सीटें बीएससी मेडिकलए नान मेडिकल, फिजिकल साइंस व आनर्स विषयों में बची हुई हैं। बीए संकाय की सीटें भर जाएंगी। क्योंकि बीए संकाय में ही दाखिले के लिए सबसे ज्यादा प्रतस्पिर्धा है। फाइनल मेरिट लस्टि में राजकीय कालेज में 344 वद्यिार्थियों का नाम आया है और इन वद्यिार्थियों को 15 जुलाई तक अपनी दाखिल फीस जमा करवानी है।

# हरियाणा विकास संगठन ने कांग्रेस प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया के सामने युवा अध्यक्ष वृंदा शर्मा ने जिला जींद के औद्योगीकरण, पर्यटन केंद्रों का नर्मिाण, जिला जींद को एनसीआर से बाहर करवाना आदि मांगो को कांग्रेस मेनिफेस्टो में प्राथमिकता के आधार पर शामिल करने के लिए ज्ञापन पत्र सौंपा। कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की अध्यक्ष गीता भुक्कल को भी इन्ही मांगों के बारे में अपना मांग पत्र सौंपा। वृंदा शर्मा ने यह आवाज उठाई कि जिला जींद के नौजवान रोजगार के अवसरों की कमी के कारण यहां से पलायन कर रहे हैं और उन्हें रोजगार के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता है। जींद में आर्थिक उन्नति और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए के लिए औद्योगीकरण का कदम उठाना ही होगा। सांसद सतपाल महाराज ने जींद के औद्योगीकरण की मांग का पूरा समर्थन किया। मध्य उतरी हरियाणा विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा ने सांसद सतपाल महाराज का इन मुद्दों का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया।



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए वृंदा शर्मा।

# जुलाना-हांसी मार्ग पर पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना-हांसी मार्ग पर राजगढ़ गांव के पास एक ईको गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसें में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। करेला गांव निवासी 27 वर्षीय हरनेक अपनी गाड़ी में सवार होकर जुलाना से अपने गांव करेला की ओर जा रहा था। जब वह राजगढ़ गांव के पास पहुंचा तो उसकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चालक बुरी तरह से गाड़ी में फंस गया। दो ट्रैक्टरों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।



जुलाना। राजगढ़ गांव के पास हादसे में दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

# गांव काकौत में महिला की मौत पति और बेटे पर हत्या का आरोप

- तालाब से मिला शव, दो दिन से थी लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के गांव काकौत में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला के मायके पक्ष के लोगों ने पति और बेटे पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी अनुसार महिला पिछले दो दिन से लापता थी। उसका शव गांव काकौल में एक तालाब में मिला। महिला के शव को जिला नागरिक अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया है। मायके पक्ष के लोगों के अनुसार इस महिला की हत्या करके इसका शव तालाब में फेंका गया है। मृतक महिला की पहचान चंद्रकांता निवासी गांव काकौत के रूप में हुई है। मृतका चंद्रकांता के भाई पवन ने बताया कि उसकी बहन की शादी 25 वर्ष पहले गांव काकौत में हुई थी। सुसराल पक्ष के लोग चंद्रकांता को दो दिन से लापता बता रहे थे। सुसराल वालो ने बताया कि चंद्रकांता कूड़ा डालने गई थी। इसके बाद घर नहीं आई। जिस पर हमने एक दिन इंतजार करके अपने स्तर पर जांच शुरू की। मृतका के भाई ने आगे बताया कि उन्होंने काकौत गांव में आकर नहर से लेकर गांव तक सभी लोगो से चंद्रकांता के बारे में पूछा लेकिन किसी से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। इसके बाद सभी ऑटो वालों से पूछताछ की लेकिन कहीं से कोई सुराग हमें नहीं लगा। इसके बाद उनके भांजे ने उन्हें बताया कि गांव में तालाब के किनारे एक तसला रखा हुआ है। जब तालाब पर देखा तो वहां चंद्रकांता का शव मिला।



मृतक महिला चंद्रकांता

# रामशरण बने बामसेफ के जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बामसेफ जिला इकाई की मासिक बैठक सफीदों रोड की गुरु रविदास धर्मशाला में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता बामसेफ राज्य कार्यकारिणी सदस्य इंद्र सिंह धानिया ने की। इंद्र सिंह धानिया ने कहा कि हरियाणा सरकार क्रीमीलेयर के नाम पर ओबीसी वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रही है। बामसेफ के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरदेव जांगड़ा ने कहा कि ओबीसी वर्ग की जागृति के लिए भारतीय संविधान सम्मान सुरक्षा संवर्धन राष्ट्रव्यापी महाजन जागरण अभियान चलाए हुए हैं। मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हवा सिंह भौरिया ने कहा कि नौ अगस्त को दल्लिी में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें विभन्नि संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे और संसद के सामने डा. आंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करवाया जाएगा। इस दौरान बामसेफ की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें रामशरण नागर को जिला प्रधान, किताब सिंह को उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार को उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र दहिया को महासचिव, डा. बिजेंद्र सिंह को मीडिया सचिव, अनार सिंह कटारिया को कोषाध्यक्ष, रामफल प्रजापति, सत्यनारायण वर्मा, दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### लिंक भेजकर साइबर ठगी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर साइबर ठगी करने के एक मामले की जांच थाना साइबर क्राइम पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बोरियां सीताराम बाजार दल्लिी निवासी सुमित तथा अजमेरी गेट दल्लिी निवासी साहिल को दल्लिी से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कैथल के सेक्टर 21 में रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसने एसबीआई का क्रेडिट कार्ड अप्लाई किया था। 12 जून को उसका क्रेडिट कार्ड घर पर पहुंच गया। कार्ड आने के बाद उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर 815 रुपये का मासिक सर्विस चार्ज लगा हुआ है, क्या आप इसको बंद करवाना चाहते हो। इस पर उसने हां कह दिया। फिर आरोपी ने उसके पास व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेज दिया। उसने उसपर क्लिक किया और कार्ड की डिटेल डाली तो उसके खात से 88 हजार 537 रुपये कट गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## पूंडरी के कई गांवों में दौरा कर सांसद जिंदल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# अगले महीने से मेडिकल वैन में डिस्पेंसरी भेज दूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए सभी नौ हलकों में मेडिकल वैन की सेवा अगले महीने से शुरू कर दी जाएगी। प्रत्येक गांव में लोगों के घर द्वार तक पहुंच कर ये मेडिकल वैन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देगी। इसमें अनुभवी चिकित्सिकों की टीम व सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहेगा। खास बात यह है कि यह सेवा उनकी ओर से पूर्व कार्यकाल की तरह निःशुल्क जारी रहेगी। सांसद नवीन जिंदल रविवार को गांव टीक, बरोट, बंदराणा, स्यूलपुर, बेगपुर, जडौला, सोलू माजरा व फरल में आयोजित धन्यवादी कार्यक्रमों में पहुंचे थे। इस दौरान जब ग्रामीणों ने अस्पताल या डिस्पेंसरी ना होने की बात सांसद जिंदल के समक्ष रखी तो उन्होंने कहा कि वे पूरा अस्पताल ही मेडिकल वैन के रूप में गांव-गांव में भेज देंगे। सांसद जन्दिल ने सरपंचों एवं प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि जब भी वे पंचायत का मांग पत्र उन्हें सौंपते हैं तो उसमें मांगों को क्रम अनुसार लिखे।



पूंडरी। सांसद नवीन जिंदल को सम्मानित करते पूर्व विधायक तेजबीर सिंह व अन्य

### बच्चों के लिए क्रिकेट किट देने की भी घोषणा की

सभी गांव में युवाओं के लिए जिम और बच्चों के लिए क्रिकेट किट देने की घोषणा भी की। सांसद ने कहा कि उनका प्रयास है कि बच्चे स्कल्डि बेस एजुकेशन की तरफ बढें। इसके लिए प्राइमरी स्तर से ही उन्हें अंग्रेजी भाषा, बोल-चाल में निपुण, खान-पान और रहन-सहन आदि में ट्रेंड करना पड़ेगा । शक्षिा के साथ-साथ इन सभी बातों पर भी उनका ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकतर गांवों में पानी निकासी की समस्या है। इसके स्थाई समाधान के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट होने अति आवश्यक है। उनका प्रयास है की आबादी के हिसाब से प्रत्येक गांव में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएं ताकि दूषित पानी को स्वच्छ बनाकर उसे कृषि कार्यों में प्रयोग किया जा सके। इससे जल संरक्षण एवं प्रबंधन के अभियान में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल और सतपाल जांबा, संयोजक जिला स्वच्छता अभियान ने स्वयंसेवकों और गांव वासियों के साथ मिलकर एक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण के अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील भी की। इस अवसर पर ग्राम वासियों की ओर से सांसद को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक तेजबीर सिंह, अनिता चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि पालू राम, सरपंच परमजीत सिंह, सतपाल जांबा, मनोज जांबा, सरपंच सोनिका रानी, सरपंच संदीप कुमार आदि उपस्थित थे।